**कार्यालय पत्रांक 954 दिनांक 25.11.2022 के आलोक में Selection of an agency for design, development, implementation and maintenance of web-based application & MIS dashboard for civil works pendency index tool के निमित्त RFP No BVM/2022-23/Proc/01 द्वारा दिनांक 04.11.2022 को प्रकाशित निविदा को खोलने एवं तकनीकी मूल्यांकन हेतु दिनांक 28.11.2022 को आयोजित निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

---

उपस्थिति:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | महाप्रबंधक–HR(Recruitment), Procurement & Legal, BVM | अध्यक्ष |
| 2. | आंतरिक वित्तीय सलाहकार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना | सदस्य |
| 3. | महाप्रबंधक, वित्त एवं लेखा, BVM | सदस्य |
| 4. | श्री धरम कुमार, Finance Manager, BVM | सदस्य |
| 5. | श्री सतीश कुमार, I.T Manager | सदस्य |

विषयः– **RFP No BVM/2022-23/Proc/01 द्वारा दिनांक 04.11.2022 को प्रकाशित CWPI से संबंधित निविदा को खोलने एवं तकनीकी मूल्यांकन के संबंध में।**

Selection of an agency for design, development, implementation and maintenance of web-based application & MIS dashboard for civil works pendency index tool के निमित्त RFP No BVM/2022-23/Proc/01 द्वारा दिनांक 04.11.2022 को प्रकाशित निविदा के Schedule of events के अंतर्गत कार्यालय पत्रांक 954 दिनांक 25.11.2022 के आलोक में निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक दिनांक 28.11.2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रारंभ हुई। समिति के समक्ष प्राप्त सभी 06(छह) निविदाओं को खोला गया तथा तकनीकी मूल्यांकन प्रारंभ किया गया। बैठक में तीन निविदाकर्ताओं के प्रतिनिधि (1. Dreamline Technologies, Patna 2. Logicalwave Pvt. Ltd 3. NetProphets Cyberworks) शामिल हुए।

निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन का कार्य दिनांक 28.11.2022 को पूर्ण नहीं होने के फलस्वरूप मूल्यांकन का कार्य दिनांक 29.11.2022 के अपराह्न तक जारी रहा। इस क्रम में निविदाकर्ताओं द्वारा समर्पित कागजातों से Scope of projects as MIS and Web Portal/ Web based software application स्पष्ट नहीं होने के कारण निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संबंधित निविदाकर्ताओं (1. NetProphets Cyberworks 2. Silicon Techlab Pvt. Ltd 3. HR Software Solutions Pvt. Ltd) से इन Projects के संबंध में ईमेल के माध्यम से दिनांक 30.11.2022 को पूर्वाह्न 12.00 बजे तक Clarification प्राप्त कर लिया जाए। तदनुसार तीनों एजेन्सियों को ईमेल से उक्त आशय का अनुरोध किया गया तथा इसकी जानकारी दूरभाष पर भी दी गयी।

तीनों एजेन्सियों से ईमेल से किये गये अनुरोध के आलोक में उनका Response दिनांक 30.11.2022 को प्राप्त हुआ। संबंधित एजेन्सियों से प्राप्त सूचना के आधार पर समिति द्वारा पुनः तकनीकी मूल्यांकन का कार्य प्रारंभ किया गया। इस क्रम में समिति को कतिपय बिन्दुओं पर और स्पष्टता की आवश्यकता महसूस की गयी तथा इसकी सूचना संबंधित एजेन्सियों को दूरभाष पर दी गयी। **तीनों एजेन्सियों द्वारा वांछित कागजात समर्पित करने हेतु एक–दो दिनों का समय देने का अनुरोध किये जाने के फलस्वरूप समिति द्वारा सर्वसम्मति से वांछित कागजात समर्पित करने हेतु दिनांक 02.12.2022 को अपराह्न 05.00 बजे तक का समय अंतिम रूप से निर्धारित करने, तकनीकी मूल्यांकन का प्रकाशन दिनांक 05.12.2022 को करने तथा वित्तीय निविदा को दिनांक 06.12.2022 को खोलने एवं प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (सतीश कुमार) | (धरम कुमार) 01/12/2022 | (शशि शेखर सिंह) 1/12/22 | (धनंजय मिश्रा) | (राजीव रंजन सिन्हा) |
| I.T Manager | Finance Manager | G.M(Finance & Accounts) | IFA(प्रशासी विभाग) | GM-HR(Rec.), Proc. & Legal |
| सदस्य | सदस्य | सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |